


# बीकाणा रेल

## जनवरी 25 से मार्च 25 के प्रमुख समाचार





# बीकाणा रेल

महाप्रबंधक महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर श्री अमिताभ द्वारा दिनांक 22.01.25 को लाहली, भिवानी, किशनगढ़- बालावास रेल खण्ड मार्ग के दोहरीकरण, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे पुनर्विकास कार्यों, रेल अंडर पास तथा लाहली, भिवानी सिटी, भिवानी, झाड़ली स्टेशनों के निरीक्षण आदि के साथ झाड़ली स्टेशन पर लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर हेतु रनिंग रूम का भी उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्षों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा एवं कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई।





दिनांक 12.03.25 को महाप्रबंधक महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर श्री अमिताभ जी द्वारा लालगढ़ व बीकानेर स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा मंडल के रेल खेल परिसर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक महोदय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (TRD), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आदि अधिकारी गण शामिल थे। मंडल कार्यालय में सभी अधिकारियों व व्यापारियों सहित परफॉर्मेंस मीटिंग की गई तथा मंडल कार्यालय में बने कंप्यूटर ई-लर्निंग सहायक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।





महाप्रबंधक महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर श्री अमिताभ द्वारा मंडल कार्यालय में सभी अधिकारियों व व्यापारियों सहित परफॉर्मेंस मीटिंग लेते हुए।



# बीकाणा रेल

मंडल पर दिनांक 26.1.25 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय डॉक्टर आशीष कुमार द्वारा रेलवे खेल परिसर में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के पश्चात रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट व गाइड तथा जॉन एंबुलेंस के परेड का निरीक्षण किया तथा रेलकर्मियों के नाम सन्देश पढ़ा। अधिकारियों तथा महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप तिरंगे गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा। कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति के गानों व कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण एवं प्रशस्ति पत्र भी मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा प्रदान किये गये।





दिनांक 12.01.25 को जोहारपुरा स्टेशन पर doubling work के कार्य में कार्यरत 40 कर्मचारियों को रेलवे ट्रैक के नजदीक कार्य करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में समझाते हुए व दिनांक 31.01.2025 को मुख्य प्रमुख संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में एक सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें यातायात- 13, यांत्रिक /कै एवं वै02-, इंजीनियरिंग07-, यांत्रिक/ पावर 03-इस प्रकार कुल 25 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस सेमीनार में उप मुख्य संरक्षा अधिकारी यांत्रिक/जयपुर, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, सहायक मंडल इंजी यांत्रिक/पावर, सहायक मंडल इंजी / हनुमानगढ़, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के वारे में समझाया गया।







# बीकाणा रेल

TWR का कार्य 24.01.25 से बीकानेर डिवीजन में हनुमानगढ़-सूरतपुरा सैक्शन में गोगामेड़ी से हनुमानगढ़ की ओर शुरू किया गया। संचयी प्रगति 169 जॉइंट )1 किमीहै। (



बीकानेर मंडल में दिनांक 13.02.25 को एक संरक्षा सभा का आयोजन मंडल स्तर पर किया गया। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक डॉक्टर आशीष कुमार व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, सहायक संरक्षा अधिकारी व बीकानेर मंडल के सभी स्टेशन अधीक्षक व यातायात निरीक्षकों ने भाग लिया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक महोदय व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक महोदय द्वारा गाड़ियों के समय पालन व नियमो के बारे में समझाया गया तथा बीकानेर मंडल में संचलित सभी गाड़ियों की पंक्चुअलिटी बनाए रखने के बारे में बताया गया तथा कर्मचारियों के लाइन पर काम करने पर होने वाली समस्याओं के बारे में सुना गया तथा उनका समाधान किया गया।











# बीकाणा रेल

मोटी वेब स्विच डालने का कार्य T-28 मशीनों द्वारा सादुलपुर-रतनगढ़ सैक्शन और बगवाली यार्ड में शुरू किया गया है।





पार्टी ने हर माह 06 निर्गत रैक लदान किये जाने की प्रतिबद्धता के अनुसार महाप्रबंधक कॉनकोर एवं मण्डल रेल प्रबंधक बीकानेर/के संयुक्त निर्देशन में प्रथम 90 डिब्बों के 01 कंटेनर रैक में चाइना क्ले को भरकर दिनांक 06.02.25 को NF रेलवे में कटिहार मण्डल के के लिये भेजा गया (इंडियन कस्टम यार्ड)। जिससे मण्डल को 0.49 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ ।




एक संयुक्त जल बैठक 12.02.2025 को बीकानेर में सभी संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों और इलेक्ट्रिक और इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई जिसे मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने संबोधित किया। बैठक के दौरान, गर्मियों के लिए जल आपूर्ति से संबंधित सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और मंडल के सभी स्टेशनों पर निरंतर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित समाधान सुझाए गए।







# बीकाणा रेल

डीआरएम कब का आयोजन 17 मार्च से लेकर 28 मार्च के बीच किया गया जिसमें 13 विभाग के लगभग 940 कर्मचारियों ने भाग लिया। क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल, रस्साकसी आदि खेलों का आयोजन किया गया। यांत्रिक विभाग को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। क्रिकेट पुरुष परिचालन क्रिकेट महिला रेलवे सुरक्षा बल, वॉलीबॉल यांत्रिक, फुटबॉल यांत्रिक, रस्साकशी पुरुष व महिला रेलवे सुरक्षा बल टीम प्रथम रही। बैडमिंटन व टैनिस में टीम इवेंट के स्थान पर वैयक्तिक मुकाबले रहे।











# बीकाणा रेल

दिनांक 21.02.2025 को स्पार्ट /हिसार का मॉकड्रिल का आयोजन हिसार-सिरसा खंड में मंडी आदमपुर स्टेशन की लाईन नं. टीएमसी साईडिंग में टॉवर वैगन नं.19004 एनडब्लूआर के दो व्हील का अवपथन होना एवं उसमें बैठे तीन रेल कर्मचारियों के चोट लगना दिखाया गया जिसमें स्पार्ट/हिसार का अरेंज करने हेतु मंडी आदमपुर स्टेशन मास्टर द्वारा कंट्रोल को मैसेज दिया गया तथा स्पार्ट/हिसार का मूवमेंट जाखोदखेड़ा स्टेशन तक करवाकर मॉकड्रिल घोषित किया गया तथा जाखोद खेड़ा पर सभी विभाग के उपकरणों की जांच एवं उपस्थिति ली गई। स्वचालित दुर्घटना राहत गाड़ी के सभी विभाग के सुपरवाईजर एवं कर्मचारियों को स्पार्ट में रखे हुए उपकरणों को समय-2 पर जांच एवं कार्यशील होना सुनिश्चित रखे।





रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा दिनांक 08.03.25 को बीकानेर आगमन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मण्डल पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं सभी विभागाध्यक्षों को विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा एवं कार्य योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए और विंडो ट्रेलिंग के द्वारा रतनगढ़ – चूरू रेल खण्ड के दोहरीकरण का भी निरीक्षण किया गया।

